**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**01.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में पेश किया वित्त वर्ष 2025–26 का बजट– नई कर व्यवस्था में 12 लाख रूपये तक की आय पर कर का कोई प्रस्ताव नहीं।
- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना शुरू करने का किया ऐलान– सौ ज़िले होंगे शामिल।
- भाजपा ने कहा– आत्मनिर्भर भारत के नवनिर्माण को दिशा देगा बजट– कांग्रेस ने बजट को बताया निराशाजनक।
- वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री किशन कपूर का लंबी बीमारी के बाद निधन– कल होगा अंतिम संस्कार।

## केंद्रीय बजट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में वित्त वर्ष 2025–26 का केंद्रीय बजट पेश किया। केंद्रीय बजट में एक लाख रूपये तक प्रतिमाह की औसत आय पर कोई आयकर न लगाने का ऐलान किया गया है। इससे मध्यम वर्ग के परिवारों की आय व खपत में वृद्धि होगी। वेतनभोगी करदाताओं को नई कर व्यवस्था में 12 लाख 75 हज़ार रूपये तक कोई आयकर नहीं देना होगा। केंद्रीय बजट में विकास के 4 इंजनों की पहचान की गई है। इनमें कृषि, एम.एस.एम.ई., निवेश और निर्यात शामिल है। बजट में राज्यों की भागीदारी के साथ प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना की घोषणा की गई है। इसके तहत सौ ज़िलों को शामिल किया गया है, जिससे एक करोड़ 70 लाख किसानों को लाभ होगा। वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि अगले 5 वर्षों में सरकारी विद्यालयों में 50 हज़ार अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। भारत नेट परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबेंड कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सभी अन्य बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बजट में 10 प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है और बजट का उद्देश्य सभी को समावेशी विकास के रास्ते पर लेकर चलना है। उन्होंने कहा कि यह बजट 'विकसित भारत' की आकांक्षाओं से प्रेरित है और विकास को गति देने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में रोजगार आधारित विकास को सक्षम बनाना है। वित्त मंत्री ने कहा कि इंडिया पोस्ट को विशाल नेटवर्क के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्प्रेरक के रूप में फिर से स्थापित किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय बजट एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट हर भारतीय के सपनों को पूरा करता है। उन्होंने बजट को सशक्त बनाने वाला बताया और कहा कि यह देश में बचत, निवेश, खपत और विकास को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि ये बजट कृषि क्षेत्र को सशक्त करेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्रीय बजट को अवसरवादी करार दिया है। उन्होंने कहा कि ये बजट बेरोजगारी, गरीबी और बढ़ती मंहगाई जैसे देश के महत्वपूर्ण मुददों को संबोधित करने की दिशा में असफल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में हिमाचल प्रदेश में रेल विस्तार जैसे महत्वपूर्ण मामले का उल्लेख भी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के आर्थिक विकास के लिए रेल विस्तार

आवश्यक है लेकिन इस मामले को नजरअंदाज किया गया है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि केन्द्रीय बजट भारत की आवश्यकताओं के अनुसार समावेशी और सहायक वित्तीय योजना बनाने में विफल रहा है।

**बजट प्रतिकिया**

भाजपा ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा आज पेश बजट की सराहना की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.नड्डा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि ये बजट सर्व जनहिताय और सर्व जनसुखाय के साथ ही विकसित भारत निर्माण के संकल्प की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नड्डा ने कहा कि ये आम बजट सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के नव–निर्माण को दिशा प्रदान करेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि इस बजट में युवा, किसान, गरीब और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट के अनुसार आयकर में राहत केंद्र सरकार का जनता को एक बड़ा तोहफा है।

**कांग्रेस–भाजपा**

इधर प्रदेश के कांग्रेस व भाजपा नेताओं ने बजट पर अपनी मिलीजुली प्रतिकिया दी है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी..........

***प्रदेश सरकार में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि देश के वर्तमान और भविष्य के लिए बजट में कोई योजना नहीं है और केवल राजनीतिक घोषणाएं ही हुई है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि केंद्रीय बजट आम आदमी की आकांक्षाओं और विकसित भारत के लक्ष्य का रोड़मैप है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बजट को अपेक्षाओं के विपरीत बताया। उन्होंने कहा कि ये बजट राजनीतिक लाभ के मकसद से पेश किया गया है। बजट प्रतिक्रिया में हमीरपुर जिला भाजपा के पूर्व सचिव विनोद ठाकुर ने कहा कि ये बजट देश के गरीब व मध्यम वर्ग की उन्नति वाला बजट साबित होगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ये बजट भारत के आत्मनिर्भता अभियान में भी तेजी लाएगा।***

**निधन**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री किशन कपूर का आज सुबह निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे और पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने पी.जी.आई. चंडीगढ़ में अंतिम सांस ली और उनका धर्मशाला स्थित उनके पैतृक गांव में कल अंतिम संस्कार किया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सहित भाजपा व कांग्रेस नेताओं ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि किशन कपूर जन समर्पित नेता थे और उन्होंने प्रदेश के लोगों के कल्याण व प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने किशन कपूर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी किशन कपूर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में पेश किया वित्त वर्ष 2025–26 का बजट– नई कर व्यवस्था में 12 लाख रूपये तक की आय पर कर का कोई प्रस्ताव नहीं।
- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना शुरू करने का किया ऐलान– सौ ज़िले होंगे शामिल।
- भाजपा ने कहा– आत्मनिर्भर भारत के नवनिर्माण को दिशा देगा बजट– कांग्रेस ने बजट को बताया निराशाजनक।
- वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री किशन कपूर का लंबी बीमारी के बाद निधन– कल होगा अंतिम संस्कार।

..........................................................................................................................